an>

Title: Need to extend support to farmers of the country to increase agricultural production.

श्री भगवंत खुबा (बीदर): माननीय अध्यक्ष जी, आपने शून्यकाल में बोलने का मौका दिया है। मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। देश के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब विदेश दौरे में जा रहे हैं तो काफी देशों को आर्थिक मदद देने का प्रस्ताव रख रहे हैं। जिन देशों को आर्थिक मदद देने के लिए हां कर रहे हैं, उन देशों में उदाहरणार्थ जैसे नेपाल है, भूटान है, बांग्लादेश है, ये देश चीनी का उत्पादन नहीं करते हैं। भारत में इस साल चीनी का बहुत ज्यादा उत्पादन हुआ है। हमारे पास बहुत चीनी है। आर्थिक सहायता के अन्तर्गत चीनी को यदि हम एक्सपोर्ट करें तो भारत के किसानों के लिए बहुत मदद हो जाएगी और हमारी कृषि उपज जो दाल होगी या चीनी होगी या गेहूं होगी, उन देशों को यदि हम दे दें तो हमारे किसानों के लिए बहुत मदद होगी। यही मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भगवंत खुबा द्वारा उठाये गये विषय से

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को एसोशिएट किया जाए।